'नाची से बाची' सहित तीन फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

आईआईएम

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी फिल्म महोत्सव की शुरुआत शनिवार को हुई। इसमें जनजातीय सिनेमा से जनजातीय समुदायों के विकास, सांस्कृतिक पहचान, ज्ञान व वैकल्पिक दृष्टिकोण आदि को उजागर करने का प्रयास किया गया। पहले दिन का मुख्य आकर्षण तीन फिल्में- नाची से बाची, सृष्टिकथा और अखरा कम्युनिकेशन के बीजू टोप्पो और मेघनाथ की गाड़ी लोहरदगा मेल थी।

बीजू टोप्पो सम्मानित

निर्देशक, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता मेघनाथ और निर्देशक, निर्माता, वीडियो संपादक व छायाकार बीजू टोप्पो को सम्मानित किया गया। आईआईएम निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो गौरव मराठे सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

Hindustan. 27.08.2023. Pg.8